नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

एक नजर में

शैलेन्द्र सिंह रेरा के अध्यक्ष नियुक्त

भोपाल, 19 अगस्त. राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शैलेन्द्र सिंह को मप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण यानी रेरा का अध्यक्ष नियुक्त किया है. उनकी ये नियुक्ति 5 वर्ष की अवधि या अधिकतम 65 वर्ष की आयु जो भी पहले पूरी होती हो, तक की अवधि के लिए होगी .नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. यहां बता दें कि तत्कालीन रेरा अध्यक्ष एपी श्रीवास्तव का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह पद खाली पड़ा था. आखिरकार अब जाकर नियुक्ति कर दी गई है.

फरार आरोपी से सात लाख के जेवर बरामद

मुरैना, 19 अगस्त. जिले के अंबाह कस्बे में आठ माह पूर्व किन्नर राबिया के घर हुई सशस्त्र डकैती के मामले में फरार चल रहे आरोपी सतेंद्र निषाद को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उसके कब्जे से सात लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के जेवर, बंदूक, बाइक, मोबाइल फोन और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. पुलिस सूत्रों ने बताया कि 18 जनवरी 2026 की रात आठ-नौ सशस्त्र बदमाशों ने अंबाह निवासी राबिया किन्नर के घर धावा बोलकर वहां मौजूद किन्नरों को हथियारों की नोंक पर बंधक बना लिया था.

रेत के अवैध उत्खनन में लिप्त पनडुब्बी जब्त

ग्वालियर, 19 अगस्त. ग्वालियर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ लगातार मुहिम चलाई जा रही है. इस कड़ी में कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर गई खनिज विभाग की टीम ने डबरा तहसील के अंतर्गत सिंध नदी के विभिन्न घाटों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान ग्राम बाबूपुर के अंतर्गत रेत के अवैध खनन में संलग्न एक पनडुब्बी नष्ट की गई. साथ ही एक अन्य पनडुब्बी व लोडर वाहन जब्त किया गया है. प्रभारी खनिज अधिकारी पंकज ध्वज मिश्रा के अनुसार जब्त पनडुब्बी व लोडर वाहन संबंधित पुलिस थाने की अभिरक्षा में रखे गए हैं.

मैहर से सीएम ने दिया बहनों को राखी का नेग

1500 के साथ बहनों को राखी मनाने 250 रुपए भी किए अंतरित

2148 करोड़ की राशि सीएम ने की अंतरित

नवभारत न्यूज

मैहर, 19 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहन-बेटियां हमारे घर-आंगन की रौनक हैं. बहन-बेटियों का मान-सम्मान और इनका आर्थिक सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन तो साल में एक बार आता है, लेकिन हमारी सरकार हर महीने बहनों से उनकी रक्षा का वादा पूरा कर रही है. हमने आज ही मैहर से प्रदेश की लाड़ली बहनों को नेग दिया है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मैहर में हुए मां शारदा लोक भूमि पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे. इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन किए. इसके बाद इसी जिले की प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सुश्री अनन्या अवधिया और सुश्री उन्नति पांडे के साथ प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 13 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 39वीं किश्त और रक्षाबंधन के विशेष शगुन के 250 रुपए के साथ (कुल 1750 रुपए) के रूप में 2 हजार 148 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से बैंक खातों में अंतरित किये. मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि अब तक बहनों के खाते में 65 हजार करोड़ रुपए अंतरित किये जा चुके हैं.

मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं भी कीं

- मैहर जिले के बदेरा पहाड़ में 132 केवीए का सब स्टेशन बनाया जायेगा.
- मैहर में 25 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक स्टेडियम बनाया जायेगा.
- लिलजी जलाशय का 50 करोड़ की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा.
- मैहर में एक बड़ा सर्व सुविधायुक्त अस्पताल बनाया जाएगा.
- मैहर में 5000 गौवंश क्षमता की बड़ी गौशाला बनेग.
- घुनवारा में आईटीआई संस्थान बनेगा, स्कूल का उन्नयन किया जाएगा.
- लाड़ली बहना सम्मेलन में आये आल्हा गायकों की सभी समितियों को 25-25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा.

बहनों के सम्मान से कोई समझौता नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों के सम्मान से कभी समझौता नहीं करती है. लाड़ली बहना योजना के तहत हर माह बहनों का राशि भेजी जा रही है. हर साल रक्षाबंधन से पहले बहनों को 250 रुपए का शगुन भी भेजा जा रहा है. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मैहर जिले में लगभग 256 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 25 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन भी किया.

बहनों को वेतन में पांच हजार अलग से मिलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी बहनें अपने जीवन में माता-पिता के घर को संवारती हैं और विवाह के बाद पूरे ससुराल की जिम्मेदारी अपने ऊपर उठा लेती हैं. बहनों का यह त्याग वंदनीय है. भारतीय संस्कृति में मां-बेटियां परिवारों की धुरी हैं. रोजगार परक उद्योगों में काम करने पर बहनों को वेतन में पांच हजार रुपए सरकार देगी.

बदहाल सड़कों की हाईकोर्ट करवाएगा जांच

सड़क निर्माण के चार-चार सैंपल लिए जा रहे, 25 अगस्त को रिपोर्ट पर होगी सुनवाई

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 19 अगस्त. शहर की बदहाल सड़कों की गुणवत्ता अब हाईकोर्ट की निगरानी में परखी जा रही है. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के निर्देश पर सड़कों की मौके पर सैंपलिंग शुरू हो गई है.

बुधवार को कोर्ट द्वारा गठित अधिवक्ताओं के विशेष कमीशन और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने गुढ़ी-गुढ़ा का नाका क्षेत्र में सड़क का निरीक्षण किया. टीम ने ड्रिल मशीन से सड़क में छेद कर सैंपल लिए और उन्हें मौके पर ही सील किया. जांच टीम प्रत्येक चिन्हित सड़क से चार-चार सैंपल ले रही है. इनकी जांच पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा की प्रयोगशालाओं में कराई जाएगी. जांच में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कुछ सैंपल राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रयोगशाला में भी क्रॉस-चेक के लिए भेजे जा सकते हैं. सैंपलिंग की पूरी प्रक्रिया अधिवक्ताओं के विशेष कमीशन की मौजूदगी में की जा रही है. सुनवाई के दौरान जांच को प्रभावित करने के लिए निजी प्रयोगशाला पर दबाव बनाए जाने की बात सामने आने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई. कोर्ट ने जांच प्रक्रिया निष्पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं. वैज्ञानिक रिपोर्ट आने के बाद सड़क निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है.

नगर निगम ने कोर्ट में 129 सड़कों की स्थिति का अनुपालन प्रतिवेदन पेश किया है. वहीं अन्य सरकारी एजेंसियों से जुड़ी 64 प्रमुख सड़कों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई. रिपोर्ट के मुताबिक पीडब्ल्यूडी और विकास प्राधिकरण समेत अन्य एजेंसियों के स्वामित्व वाली 15 मुख्य सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाई गई हैं. मामला बदहाल सड़कों और गड्ढों को लेकर दायर जनहित याचिका से शुरू हुआ था. अब 25 अगस्त को होने वाली सुनवाई में सैंपल जांच की शुरुआती रिपोर्ट पेश होने की संभावना है.

चार आईएएस को सौंपे नए प्रभार

भोपाल. राज्य सरकार ने मंत्रालय में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अफसरों को इधर से उधर किया है. इनमें दो अपर सचिव और दो उप सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं. आदेश के तहत भारती सिंह अपर सचिव खनिज साधन विभाग को अब उच्च शिक्षा विभाग पदस्थ किया गया है, वहीं मनीषा सेंतिया अपर सचिव गृह विभाग को पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. इसी तरह शुचिस्मिता सक्सेना उप सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को गृह विभाग और विवेक कुमार को उप सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग पदस्थ किया गया है.

सूदखोरी ने ली कांग्रेस नेता की जान

- **सुसाइड नोट में ब्याज और प्रताड़ना का जिक्र**
- **9 के खिलाफ एफआईआर, पुलिस ने शुरू की जांच**

ग्वालियर, 19 अगस्त. सूदखोरों की कथित प्रताड़ना से परेशान कांग्रेस नेता और जमीन कारोबारी राजेश सिंह राजपूत की जहर खाने से मौत के मामले में यूनिवर्सिटी थाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.

राजेश ने 17 अगस्त को सल्फास खाया था. इसके बाद वे एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां तबीयत बिगड़ने पर पुलिसकर्मी उन्हें अस्पताल ले गए. डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. उनकी जेब से मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है. जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मीगंज निवासी राजेश 17 अगस्त की सुबह 7 बजे घर से निकले थे. एसपी कार्यालय पहुंचने से पहले अलंकार होटल में उनकी पप्पू गुर्जर से मुलाकात हुई थी. परिजनों का आरोप है कि यहां रुपयों को लेकर पप्पू ने राजेश को धमकाया और बेइज्जती की.

पुलिसवाले का बेटे पर भी आरोप

पुलिस ने सुसाइड नोट में लगाए गए आरोपों के आधार पर पप्पू गुर्जर, रामकुमार घुरैया, भारत गुर्जर, विक्रम गुर्जर, दुर्जन गुर्जर, रुस्तम सिंह गुर्जर, राजेंद्र सिंह गुर्जर, कुलदीप यादव और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है. कुलदीप यादव को रिटायर्ड दरोगा का बेटा बताया गया है, जबकि पप्पू गुर्जर के विधानसभा चुनाव लड़ने की जानकारी भी सामने आई है.

विदेशी महिला से छेड़छाड़ का इंदौर पर फिर बदनुमा दाग

नव भारत न्यूज

इंदौर, 19 अगस्त. गांधी हॉल में विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं. पहले ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों से छेड़छाड़ का मामला सामने आ चुका है.

अब दिल्ली से इंदौर घूमने आई जर्मनी मूल की महिला के साथ अशोभनीय व्यवहार किया. महिला की शिकायत पर एमजी रोड पुलिस ने गांधी हॉल के चौकीदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. 35 वर्षीय महिला मूल रूप से जर्मनी की रहने वाली है और वर्तमान में दिल्ली में एक कंपनी में काम करती है. वह एक दिन पहले अपने साथी के साथ इंदौर घूमने आई थी. दोनों गांधी हॉल परिसर में घूम रहे थे, तभी वहां तैनात चौकीदार दीपक, निवासी सीहोर, ने महिला पर कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी की और अश्लील इशारे किए.

96 हजार रुपये रिश्वत लेते सहकारी बैंक का सीईओ गिरफ्तार

सतना, 19 अगस्त. मध्यप्रदेश के सतना में लोकायुक्त पुलिस रीवा ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कृष्ण चंद्र शर्मा (के.सी. शर्मा) को 96 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. लोकायुक्त पुलिस के अनुसार महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख एवं उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त योगेश्वर शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को ट्रैप कार्रवाई की गई.

ओटी टेक्नीशियन भर्ती पर हाईकोर्ट की रोक

- **288 पदों की भर्ती में पात्रता नियम बदलने पर विवाद**
- **शासन और कर्मचारी चयन मंडल से मांगा जवाब**

जबलपुर, 19 अगस्त. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में ओटी टेक्नीशियन के 288 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में अंतरिम रोक लगा दी है.

कोर्ट ने 31 मार्च 2026 को जारी मेरिट सूची और उसके आधार पर की गई नियुक्तियों पर भी रोक लगाते हुए राज्य शासन, संबंधित विभाग और कर्मचारी चयन मंडल समेत अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी. मामला भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद ओटी टेक्नीशियन पद की पात्रता शर्तों में किए गए बदलाव से जुड़ा है. याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आर्यन उर्मलिया ने दलील दी कि विज्ञापन जारी होने के बाद अभ्यर्थियों ने तय योग्यता के आधार पर आवेदन किया था. इसके बाद नियम बदलकर नए अभ्यर्थियों को पात्र बनाना समान अवसर के अधिकार के खिलाफ है. याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, शासन ने 10 अगस्त 2026 को राजपत्र अधिसूचना जारी कर पात्रता संबंधी प्रावधानों में संशोधन किया.

अब पात्रता के आधार पर होगी भर्ती

जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले को प्रथमदृष्टया विचारणीय मानते हुए 31 मार्च 2026 की मेरिट सूची और उसके आधार पर की गई नियुक्तियों पर अंतरिम रोक लगा दी. कोर्ट ने राज्य शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और कर्मचारी चयन मंडल सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि 10 अगस्त के संशोधन को मौजूदा भर्ती पर लागू न किया जाए और मूल विज्ञापन में निर्धारित पात्रता के आधार पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए.

नौकरी का झांसा देकर छात्र से 90 हजार ठगे

- **जॉब प्रक्रिया के नाम किश्तों में रुपए कराए ट्रांसफर**
- **जॉइनिंग लेटर नहीं मिला तो छात्र को ठगी का हुआ अहसास**

जबलपुर, 19 अगस्त . रांझी थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय छात्र से विशाखापत्तनम में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने के नाम पर 90 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी महिला ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और नौकरी की प्रक्रिया के नाम पर छात्र से अलग-अलग किश्तों में रुपए ट्रांसफर कराए.

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए मांगे रुपए

नौकरी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर महिला ने 1 नवंबर 2025 को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए रुपए मांगे. उसके कहने पर सौरभ ने यूपीआई के जरिए फोनपे से 19,999 रुपए ट्रांसफर किए. इसके बाद महिला अलग-अलग कामों के नाम पर लगातार रुपए मांगती रही. नवंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच छात्र ने 10 हजार, 8 हजार और 5 हजार रुपए सहित कई किश्तों में रकम ट्रांसफर की. कई बार रुपए देने के बावजूद छात्र को नौकरी का ऑफर या जॉइनिंग लेटर नहीं मिला. इस दौरान महिला उससे करीब 90 हजार रुपए ले चुकी थी.

जॉब ऑफर और जॉइनिंग लेटर नहीं मिलने पर छात्र को ठगी का अहसास हुआ. शिकायत के बाद रांझी थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. बिलपुरा कॉलोनी, टाटा टावर के पास, मढ़ई निवासी सौरभ कुमार अहिरवार ने पुलिस को बताया कि सितंबर 2025 में दोस्त आदित्य नारंग के माध्यम से उसकी मोबाइल पर सुरादा आदिलक्ष्मी ज्योति नाम की महिला से पहचान हुई थी.

शक्कर कारखाना बंद करना घोर अन्याय

कैलारस में विधायक के आमरण अनशन को अजय सिंह का समर्थन

सीधी, 19 अगस्त . पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने मुरैना जिले के कैलारस सहकारी शक्कर कारखाने को दोबारा शुरू करने और उसकी जमीन बेचने के विरोध में आमरण अनशन कर रहे जौरा विधायक पंकज उपाध्याय की मांगों का समर्थन किया है.

उन्होंने कहा कि कैलारस शक्कर कारखाना चंबल अंचल की अर्थव्यवस्था और हजारों किसान परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार रहा है. अजय सिंह ने कहा कि कारखाना पिछले 13 वर्षों से बंद है, जिससे करीब 25 हजार किसान और 1500 श्रमिक परिवार प्रभावित हुए हैं. उन्होंने अपने पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह द्वारा कारखाने को सुचारू रूप से चलाने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि 2018 में कांग्रेस सरकार के दौरान भी कारखाना दोबारा शुरू करने के लिए ठोस कदम उठाए गए थे, लेकिन सरकार गिरने से योजना पूरी नहीं हो सकी. उन्होंने कहा कि कारखाना बंद होने से क्षेत्र का विकास प्रभावित हुआ है और रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में युवा दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं. कारखाना शुरू होने से किसान दोबारा गन्ने की खेती कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं. अजय सिंह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कारखाने को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय जनविरोधी है.

बोनस अंक मामले में 13 हजार शिक्षकों को झटका

जबलपुर. धोखाधड़ी से प्राप्त किसी भी लाभ के आधार पर बाद में समानता के सिद्धांत पर राहत नहीं मांगी जा सकती. हाईकोर्ट जस्टिस आनंद पाठक तथा जस्टिस बी पी शर्मा की युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ प्राथमिक शिक्षा चयन परीक्षा 2025 की संशोधित लिस्ट जारी किये जाने के खिलाफ दायर की गयी अपील को खारिज कर दिया.

हाईकोर्ट ने खारिज की अपील

गौरतलब है कि नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य की तरफ से हाईकोर्ट में अप्रात्र अभ्यार्थियो को प्राथमिक शिक्षा चयन परीक्षा 2025 में 5 प्रतिशत बोनस अंक दिये जाने को चुनौती दी गयी थी. याचिका में कहा गया था कि भर्ती नियम के तहत केवल भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत बोनस अंक प्रदान करने का प्रावधान है. भर्ती के लिए जारी मैरिट सूची में 13089 पदों के लिए लगभग 14964 अभ्यर्थियों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त किये है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वास्तव में केवल लगभग 5271 अभ्यर्थी ही इसकी योग्यता रखते थे.

हद हो गई... बालाघाट के आदिवासी इलाकों में छह महीने से बच्चों और महिलाओं को नहीं बांटा गया आहार

कुपोषित बच्चों के पोषण आहार में बंदरबाट

बालाघाट, 19 अगस्त. मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल बालाघाट जिले में बच्चों की मौत का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है. मछुरदा, कोरका, मातला, कोंडेकसा, अडोरी और बोंदारी समेत आसपास के गांवों में बच्चों की मौत को लेकर कुपोषण और गंभीर बीमारियों को प्रमुख कारण माना जा रहा है.

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब छह महीने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पोषण आहार नियमित रूप से वितरित नहीं किया गया. हालांकि, मौतों के आंकड़ों को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों के दावों में अंतर है. ग्रामीणों का दावा है कि पिछले दो महीनों में क्षेत्र में 21 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि प्रशासनिक स्तर पर हाल में हुई आठ मौतों की जानकारी सामने आई है.

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रभावित गांवों का दौरा कर मृत बच्चों के परिजनों से मुलाकात की. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन मौतों के आंकड़े छिपा रहा है और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल तथा पोषण जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है. उन्होंने सरकार से गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जांच कराने की मांग की. बैहर विधायक संजय उइके ने भी क्षेत्र का दौरा करने का दावा करते हुए कहा कि बच्चों की मौत के मामलों में मीजल्स, मलेरिया और अन्य बीमारियों के साथ कुपोषण और टीकाकरण में कमी भी संभावित कारण हो सकते हैं.

जवान ने खुद को मारी गोली

भोपाल, 19 अगस्त. कमला नगर इलाके में 35 साल के एक सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान ने सीएसडी कैंप डिपो में मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. पुलिस को मौके पर मराठी में लिखा एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसका अनुवाद कराया जा रहा है. वे महाराष्ट्र के रहने वाले थे. यहां अकेले रहते थे. पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को परिजनों को सौंप दिया है. वे शव लेकर महाराष्ट्र रवाना हो गए हैं. मर्ग कायम कर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

बीएमसी के प्रोफेसर की पदोन्नति पर लगाई रोक

जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट ने बुंदेलखंड मेडिकल कालेज सागर में असिस्टेंट प्रोफेसर (माइक्रोबायोलाजी) पद की पदोन्नति प्रक्रिया में कथित अनियमितता के मामले में अंतरिम राहत देते हुए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं. जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने राज्य शासन, डीन बुंदेलखंड मेडिकल कालेज, विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलाजी और पदोन्नति समिति को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. मामले की अगली सुनवाई पांच अक्टूबर को निर्धारित की गई है. सागर निवासी याचिकाकर्ता डॉ. रुचि अग्रवाल, डेमान्स्ट्रेटर क्लास-टू की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 2009 से सेवा में हैं और संबंधित कनिष्ठ डाक्टर से वरिष्ठ व अधिक योग्य हैं. इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति से वंचित कर वर्ष 2010 में नियुक्त कनिष्ठ डाक्टर को पदोन्नति दे दी गई.